# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 1277 / कार्य-2 / 61 दिनांक 25/08/26

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
अमेठी।

**विषयः दैनिक समाचार पत्र (दैनिक भास्कर) में दिनांक 20.08.2026 को प्रकाशित खबर "पाकर गाँव में जलभराव–कीचड़ से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी" के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' (तिलोई, अमेठी संस्करण) एवं सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर "पाकर गाँव तिलोई जल जीवन मिशन रोड जलभराव समस्या" का संज्ञान लेते हुए विभाग की ओर से वास्तविक स्थिति एवं आख्या निम्नलिखित रूप से प्रेषित की जा रही हैः–

- जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाकर गाँव में डाली गई पेयजल पाइपलाइन, मुख्य मार्ग (रोड) से लगभग डेढ़ फीट दूरी पर डाली गई है, जिससे रोड की संरचना को कोई क्षति नहीं पहुँची है।
- पाइपलाइन बिछाए जाने के पश्चात रोड रेस्टोरेशन (सड़क बहाली) का कार्य पूर्ण गुणवत्तापूर्वक कराया गया है।
- खबर प्रकाशित होने एवं संबंधित जूनियर इंजीनियर को सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्थान पर सड़क थोड़ी धंस गई है, जिसके कारण वहां बरसात का पानी एकत्र (जलभराव) हुआ है।
- हाल ही में टी–प्वाइंट के पास एक मामूली लीकेज की समस्या आई थी, जिसे तत्काल दुरुस्त (बनवाकर) कर दिया गया था और पिट (गड्ढे) को पूरी तरह से रिस्टोर कर दिया गया है, जो कि मुख्य सड़क से हटकर है।

उपरोक्त वास्तविक तथ्यों से स्पष्ट है कि वर्तमान में स्थल पर दिख रहा जलभराव जल निगम (ग्रामीण) अथवा जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों के कारण नहीं है। यह केवल सड़क के कुछ हिस्से के धंसने और उसमें बरसात का पानी एकत्र होने के कारण है।

अतः अनुरोध है कि जनसाधारण के बीच सही वस्तुस्थिति से अवगत होना चाहें।

भवदीय

A. Tripathi

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या(कैम्प–बाराबंकी) को सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी को सादर सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता